# दैनिक न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक


**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्याससाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, शनिवार 27 अगस्त 2022 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-04, अंक- 328

## महत्वपूर्ण एवं खास

### गुलाम नबी आजाद ने कांग्रेस को कहा अलविदा, सोनिया गांधी को भेजा 5 पन्नों का इस्तीफा

**जम्मू (आरएनएस)।** अध्यक्ष पद के चुनाव से पहले कांग्रेस को बड़ा झटका लगा है। वरिष्ठ नेता गुलाम नबी आजाद ने पार्टी को अलविदा कह दिया है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता गुलाम नबी आजाद ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। इसके पीछे के कारणों का अभी खुलासा नहीं हो सका है। आजाद ने कांग्रेस की अध्यक्ष सोनिया गांधी को 5 पन्नों का इस्तीफा भेजा है। वो काफी लंबे समय से पार्टी की नीतियों को लेकर नाराज चल रहे थे और जम्मू में जो पार्टी ने उन्हें जिम्मेदारी दी थी उससे वो पहले ही इस्तीफा दे चुके थे। वहीं अब गुलाम नबी आजाद ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से लेकर सभी पदों से इस्तीफा दिया है। खास बात है कि 2020 में ही उन्होंने पार्टी की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी को पत्र लिखा था, जिसमें संगठन स्तर पर बड़े बदलाव की मांग की गई थी। उस दौरान कांग्रेस की भीतर ही जी-23 समूह चर्चा में आया था, जिसमें आनंद शर्मा, मनीष तिवारी समेत कई नेता शामिल थे।

### घर में गूंज रही थी शहनाई, अचानक लगी आग- 5 लोगों की दर्दनाक मौत

**मुरादाबाद (आरएनएस)।** यूपी के मुरादाबाद में 3 मंजिला बिल्डिंग में आग लगने से एक ही परिवार के 5 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि मकान में फंसे 7 लोग घायल हो गए। उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि घर में शादी की तैयारियां चल रही थीं। शाम के समय मंडप का कार्यक्रम चल रहा था। दर्दनाक हादसे से शादी की तैयारियां मातम में बदल गईं। आग इतनी तेजी से फैली से कि पहली मंजिल पर मौजूद लोगों को बाहर निकलने का मौका नहीं मिला। आग की लपटों में झुलस कर बुजुर्ग मां, बेटी और बेटी के 3 बच्चों की मौत हो गई। तीन बच्चों की उम्र 12 , 7 और 3 साल की थी। दूसरी मंजिल पर मौजूद 7 लोगों को सुरक्षित निकाल लिया गया। आज इस घर में शादी की रौनक होती। इसी शादी में शामिल होने रानीखेत से शमा परवीन मुरादाबाद अपने मायके आई थीं। पहली मंजिल पर वो अपनी मां और बच्चों के साथ थीं। कुछ ही पल इस घर की सारी खुशियां खाक हो गईं।

### रोते हुए चुप न होने पर मां ने मासूम बेटे को हाईवे पर फेंका, कार ने कुचला, मौत

**बागपत (आरएनएस)।** जनपद में हृदय विदारक घटना सामने आई है। मां ने अपने कलेजे के टुकड़े को रोते हुए चुप न होने पर हाईवे पर फेंक दिया। वहां से तेज गति से गुजर रही कार ने बच्चे को कुचल दिया। इससे उसकी मौत हो गई। पुलिस मामले की जांच में लगी है। आरोपित महिला अर्द्धविक्षिप्त बताई गई है। बागपत निवासी महिला सीता शुक्रवार सुबह अपने डेढ़ वर्षीय बेटे काला को गोद में लेकर दिल्ली-यमुनोत्री हाईवे पर नगर के केनरा बैंक के पास खड़ी थी। बच्चा बहुत रो रहा था। महिला के प्रयास के बावजूद बच्चा चुप नहीं हुआ। महिला ने अचानक गुस्से में बच्चे को हाईवे पर फेंक दिया। तभी वहां से तेज गति से गुजर रही कार ने बच्चे को कुचल दिया। लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। आनन-फानन में राहगीर बच्चे को सीएचसी लेकर पहुंचे। चिकित्सकों ने बच्चे को मृत घोषित किया। हादसे की चश्मदीद बच्ची ने रोते हुए कहा कि उनकी माता ने भाई को सडक़ पर फेंका है। वहीं मासूम बच्चे की मौत से हर कोई दुखी है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच की तथा बच्चे के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए मर्चरी भेजा।

### कार से जा रहे 2 युवकों को यूं खींच लाई मौत, हुए दर्दनाक हादसे का शिकार

**जालंधर (आरएनएस)।** जालंधर जी.टी. रोड पर घटे एक दर्दनाक हादसे में 2 युवकों की मौत हो गई। मृतक नौजवानों की पहचान गुरविंदर सिंह और जसविंदर सिंह के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि दोनों ही युवक एक आश्रम के सेवादार हैं। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर अगली कार्रवाई शुरू कर दी है। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरविंदर सिंह और जसविंदर सिंह अपनी कार से चंडीगढ़ बाईपास की ओर आ रहे थे कि फगवाड़ा जालंधर जीटी रोड चंडीगढ़ बाईपास मेहटा के नजदीक सडक़ के बीचो-बीच खड़े ट्रक से उनकी टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि मौके पर ही दोनों गंभीर जख्मी हो गए। दोनों को एंबुलेंस द्वारा फगवाड़ा के सिविल अस्पताल में लाया गया जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

# पहाड़ों पर ड्रैगन को मिलेगा मुंहतोड़ जवाब, भारत का 'जोरावर' करेगा चीन के दांत खट्टे

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** चीन के साथ उत्तरी सीमा पर सैन्य गतिरोध तथा भविष्य की चुनौतियों और लड़ाईयों को देखते हुए सेना ऐसा स्वदेशी बहुद्देशीय हल्का लेकिन बेहद मजबूत अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी से लैस टैंक 'जोरावर' खरीदने जा रही है जो हजारों किलोमीटर की ऊंचाई पर दुर्गम पर्वतीय क्षेत्रों सहित हर जगह और सभी मौसम में दुश्मन के दांत खट्टे कर सके।

दरअसल चीन के साथ पूर्वी लद्दाख में दो वर्ष से भी अधिक समय से चले आ रहे सैन्य गतिरोध के दौरान सेना ने मौजूदा टैंकों और अपने जोश तथा जज्बे के साथ चीन को करारा जवाब दिया लेकिन उसे ऐसे हल्के लेकिन मजबूत और अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी से लैस टैंक की कमी बहुत अधिक खली जिसे ऊंचाई वाले दुर्गम क्षेत्रों में आसानी से ले जाकर तुरंत तैनात किया जा सके। दूसरी ओर चीनी सेना इस तरह के हल्के टैंकों से लैस है जिन्हें पहाड़ों पर आसानी से एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाया जा सकता है। इसे देखते हुए सेना भी इस कमी को दूर करने की योजना पर आगे बढ रही है।

चीन और पाकिस्तान के दो मोर्चों से एक साथ उत्पन्न होने वाली चुनौती , भविष्य के खतरों, दुनिया भर में अलग अलग जगहों पर चल रहे सैन्य संघर्षों तथा लड़ाईयों और अभियानों के खतरों का बारिकी से अध्ययन कर रही सेना इन से सीख तथा सबक भी ले रही है। इसी सीख के आधार पर सेना भविष्य की सुरक्षा चुनौतियों तथा खतरों से निपटने के लिए दूरगामी रणनीति की तहत तैयारी करते हुए अपने आप को भविष्य की मजबूत सेना बनाने की दिशा में काम रही है। इसी कड़ी में वह 'जोरावर' टैंक के साथ साथ स्वार्म ड्रोन, टैंक रोधी निर्देशित मिसाइल, अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी से लैस फ्यूचर रेडी कॉम्बेट व्हीकल तथा मैकेनाइज्ड इंफेन्ट्री की क्षमता विकसित करने पर भी विशेष ध्यान दे रही है।

उच्च पदस्थ तथा विश्वसनीय रक्षा सूत्रों का कहना है कि सेना ने 'जोरावर' टैंक का डिजायन तैयार कर लिया है और उसे इसकी खरीद के लिए सरकार की ओर से सिद्धांतत हरी झंडी भी मिल गयी है। इन टैंकों की खरीद रक्षा खरीद प्रक्रिया 2020 की मेक इन इंडिया श्रेणी के तहत आत्मनिर्भर भारत की अवधारणा को ध्यान में रखते हुए की जायेगी। इस टैंक को बनाने के लिए घरेलू रक्षा उद्योग से संपर्क कर सेना द्वारा डिजायन टैंक बनाने को कहा गया है। यह टैंक भारतीय सेना की जरूरतों तथा भौगोलिक क्षेत्रों के अनुरूप तो होगा ही साथ ही में यह अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी जैसे कृत्रिम बुद्धिमत्ता यानी आर्टिफीसियल इंटेलिजेंस, ड्रोन, बचाव प्रणाली तथा खतरों को भांपने की प्रौद्योगिकी से भी लैस होगा।

सूत्रों का कहना है कि थल सेना के लिए टैंक सबसे प्रमुख हथियार है जिसके बल पर जंग का रूख बदला जा सकता है लेकिन अब बदली हुई परिस्थितियों में ऐसे टैंक की जरूरत है जिसे हमला करने के साथ साथ दुश्मन के टैंकों और अन्य हथियारों के साथ साथ अदृश्य हवाई खतरों जैसे ड्रोन आदि से भी सुरक्षा की जरूरत होगी। उन्होंने कहा कि जो दुश्मन और हथियार दिखाई देता है उससे बचा जा सकता है लेकिन अदृश्य और अचानक प्रकट होने वाले हवाई खतरों से बचने के लिए इन टैंकों को अत्याधुनिक संचार प्रणाली तथा ड्रोन रोधी और अन्य खतरों से बचाव का कवच पहनाना होगा। सेना चाहती है कि 'जोरावर' उसके पास मौजूद सभी टैंकों का मिश्रण हो जो हल्का भले ही हो लेकिन मजबूती में उसका कोई सानी न हो और उसकी मारक क्षमता के सामने दुश्मन घुटने टिका दे। स्वदेशी टैंक पर जोर देने का एक कारण यह भी है कि यूक्रेन और रूस के बीच युद्ध से उत्पन्न हालातों में इन देशों से टैंकों के कलपुर्जो तथा उपकरण की आपूर्ति प्रभावित हो रही है तो यदि हमारे पास स्वदेशी टैंक होंगे तो हमें इस तरह की दिक्कतों का सामना नहीं करना पड़ेगा।

जोरावर का नाम भारत के प्राचीन समय के सेनानायक जोरावर सिंह कहलुरिया के नाम पर रखा गया है जिन्होंने लद्दाख, तिब्बत , बाल्टिस्तान और स्कर्दू आदि को जीता था। इसके अलावा दुनिया भर में विभिन्न अभियानों और हमारे सीमावर्ती क्षेत्रों में ड्रोन के बढते इस्तेमाल को देखते हुए भारत भी अपनी सेना को अत्याधुनिक ड्रोन हथियार प्रणाली से लैस करने की दिशा में बढ रहा है। सेना स्वार्म ड्रोन प्रणाली के महत्व और इसके इस्तेमाल को समझते हुए स्वदेशी कंपनियों से ड्रोन खरीद रही है। सभी सेनाओं को इस बात का भलीभांति अंदाजा लग गया है कि आज के दौर में ड्रोन के कारण उनकी ताकत कई गुणा बढ जाती है। भारतीय सेना भी इसी को ध्यान में रखकर ड्रोन प्रणाली पर विशेष जोर दे रही है।

## नेपाल से नकली नोट भारत लाते तीन लोगों को पुलिस ने पकड़ा

**बरेली (आरएनएस)।** उत्तर प्रदेश में बरेली मंडल से सटी नेपाल सीमा पर पुलिस नकली नोट भारत में लाने वाले तीन लोगों को बीती देर रात गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने खुफिया सूचना मिलने पर सीमावर्ती इलाके में तलाशी अभियान चलाकर इन लोगों को पकड़ा है। इनसे पूछताछ में पता चला है कि ये लोग नेपाल के रास्ते उत्तराखंड, पीलीभीत, बरेली इलाकों में नकली मुद्रा भेजते थे। इस गिरोह की विस्तृत जानकारी जुटाने के लिये तीनों से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस को सूचना मिली थी कि शाम ढलते ही नेपाल से भारत सीमा में तमाम लोग नकली करेंसी लेकर आते हैं। इस पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने बीती देर शाम छापामार कार्यवाही कर जिले के फतेहगंज पश्चिमी इलाके में तीन लोगों को नकली नोटों के साथ हिरासत में लिया। लम्बी पूंछतांछ बाद उनके खिलाफ थाना फतेहगंज पश्चिमी थाने में

मुकदमा दर्ज किया गया है।

आरोपियों के पास से 500 रुपये के 719 नकली नोट बरामद हुये हैं। इंटेलिजेंस एजेंसियों ने भी पूछताछ शुरू कर दी है। एसपी देहात बरेली राजकुमार अग्रवाल ने शुक्रवार सुबह बताया कि फतेहगंज पश्चिमी थाना पुलिस ने पीलीभीत में दयूरिया कलां की शीवा, अलीगंज (बरेली) में ढकिया गांव के पुष्पेंद्र सिंह और पीलीभीत में दयूरिया के शोएब को पकड़ा है। तीनों लोग बाइक से बरेली से दिल्ली की ओर जा रहे थे। पुलिस ने इनकी तलाशी के दौरान बैग में रखे 3,59,500 कीमत के नोट बरामद किए, जो जांच में नकली निकले।

## सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला, 'मुफ्त की सौगातें' बांटने वाले केस को 3 जजों की बेंच के पास भेजा

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** राजनीतिक पार्टियों द्वारा 'फ्रीबीज' यानी मुफ्त की सौगातें बांटने पर सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला सामने आया है। कोर्ट ने इस मामले की सुनवाई के लिए केस को तीन जजों की बेंच को पुनर्विचार के लिए ट्रांसफर कर दिया है। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इस मसले पर विशेषज्ञ कमिटी का गठन करना सही होगा। लेकिन उससे पहले कई सवालों पर विचार करना जरूरी है। 2013 के सुब्रमण्यम बालाजी फैसले की समीक्षा भी जरूरी है। हम यह मामला तीन जजों की विशेष बेंच को सौंप रहे हैं। अगली सुनवाई दो हफ्ते बाद होगी।

सुप्रीम कोर्ट के वकील अश्विनी कुमार उपाध्याय द्वारा दायर एक जनहित याचिका पर अदालत का यह फैसला आया है। कोर्ट ने कहा कि 'फ्रीबीज' टैक्सपेयर का महत्वपूर्ण धन खर्च किया जाता है। हालांकि सभी योजना पर खर्च फ्रीबीज नहीं होते। यह मसला चर्चा का है और अदालत के दायरे से बाहर है।

अदालत ने सुनवाई के दौरान कहा कि सरकार को ऑल पार्टी मीटिंग बुलाकर चर्चा करनी चाहिए। इसके लिए कमेटी बनाना अच्छा रहेगा। सुप्रीम कोर्ट ने कहा, 'कुछ सवाल हैं जैसे कि न्यायिक हस्तक्षेप का दायरा क्या है? क्या अदालत किसी भी योजना को लागू करने योग्य आदेश पास कर सकती है? समिति की रचना क्या होनी चाहिए? कुछ पार्टी का कहना है कि सुब्रमण्यम बालाजी 2013 के फैसले पर भी पुनर्विचार की जरूरत है।' मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि फ्रीबिज एक ऐसी स्थिति पैदा कर सकती है, जहां राज्य को दिवालिया होने की ओर धकेल दिया जाता है। उन्होंने कहा कि ऐसी मुफ्त घोषणा का इस्तेमाल पार्टी की लोकप्रियता बढ़ाने के लिए किया जाता है। यह राज्य को वास्तविक उपाय करने से वंचित करता है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि निर्वाचन लोकतंत्र में निर्वाचक मंडल के पास सच्ची शक्ति है।

इस मामले की पिछली सुनवाई में कोर्ट सरकार से सर्वदलीय बैठक के जरिए एक राय बनाने की बात कह चुका है। चुनाव आयोग ने भी कहा कि इस बाबत नियम कायदे और कानून बनाने का काम उसका नहीं, बल्कि सरकार का है। वहीं, सरकार ने कहा कि कानून बनाने का मामला इतना आसान नहीं है। कुछ विपक्षी पार्टियां इस मुफ्त की घोषणाएं करने को संविधान प्रदत्त अभिव्यक्ति के अधिकार का अंग मानती हैं।

## भूस्खलन से 80 सड़कें ठप, 101 बिजली ट्रांसफार्मर भी प्रभावित

**शिमला (आरएनएस)।** हिमाचल प्रदेश में शुक्रवार सुबह तक जगह-जगह भूस्खलन के चलते 80 सडक़ों पर आवाजाही ठप रही। सबसे ज्यादा 32 सडक़ें कुल्लू जिले में ठप रहीं। चंबा में 18, मंडी 15 और शिमला में 11 सडक़ें ठप हैं। इसके अलावा प्रदेश में 101 बिजली ट्रांसफार्मर व 27 पेयजल योजनाएं भी प्रभावित हैं। वहीं, मंडी जिले के सराज में भारी बारिश ने तबाही मचाई है। सराज विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत जैंशला के अंतर्गत भेंचडी गांव की खड्ड में बीते दिनों बादल फटने से दो पैदल चलने योग्य पक्के पुल, आधा दर्जन घराट, पेयजल पाइपलाइन, सडक़ें, खेत और रास्ते क्षतिग्रस्त हो गए। पुल बह जाने से खड्ड को पार करने के लिए स्कूली बच्चों समेत लोंगो को लगभग दो किलोमीटर अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ रही है। बादल फटने के बाद खड्ड का जल स्तर बहुत अधिक बढ़ा है। लोगों ने सरकार व प्रशासन से गुहार लगाई

है कि खड्ड पर पुल का निर्माण किया जाए व रास्तों व सडक़ को जल्द बहाल किया जाए। स्थानीय लोगों की नकदी फसलें भी सडक़ बहाली के बिना खेतों में सड़ रही हैं।

आने वाले दिनों में कमजोर पड़ेगा मानसून, 28 अगस्त को भारी बारिश

उधर, मौसम विज्ञान केंद्र शिमला की ओर से शुक्रवार सुबह जारी बुलेटिन के अनुसार प्रदेश में 28 अगस्त को भारी बारिश का येलो अलर्ट है। मौसम विभाग के अनुसार अगले चार-पांच दिनों के दौरान हिमाचल प्रदेश में मानसून की बारिश की तीव्रता में कमी आएगी। हालांकि राज्य के मध्य पहाड़ी छिटपुट भागों में 31 अगस्त तक हल्की बारिश जारी रहने की संभावना है। जबकि 28-29 अगस्त को कांगड़ा, चंबा, कुल्लू, मंडी, शिमला, सोलन,सिरमौर, ऊना, हमीरपुर व बिलासपुर के कुछ स्थानों में भारी बारिश होने की संभावना है। सितंबर के पहले सप्ताह में वर्षा गतिविधि घटने की संभावना है। पिछले सप्ताह के दौरान प्रदेश में मानसून सामान्य रहा। राजधानी शिमला व आसपास भागों में आज सुबह से धूप खिलने के साथ हल्के बादल भी छाए हुए हैं। 24 घंटों के दौरान नाहन में 45.8, नयनादेवी 18.0 और धर्मशाला में 8.2 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई।

**न्यूनतम तापमान**

शिमला में न्यूनतम तापमान 16.5, सुंदरनगर 21.2, भुंतर 20.4, कल्पा 12.8, धर्मशाला 19.2, ऊना 24.6, नाहन 22.1, केलांग 10.2, पालमपुर 18.5, सोलन 19.6, मनाली 14.8, कांगड़ा 23.5, मंडी 22.3, बिलासपुर 24.0, हमीरपुर 22.8, चंबा 21.5, डलहौजी 17.3, कुफरी 15.6, रिकांगपिओ 17.4, पांवटा साहिब 25.0 और कसौली में 18.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

## मुंबई पुलिस को मिली आतंकी हमलों की धमकी का बिजनौर कनेक्शन आया सामने

**बिजनौर (आरएनएस)।** मुंबई की ट्रैफिक पुलिस के वाट्सएप नंबर पर आतंकी हमलों की धमकी देने के मामले के तार बिजनौर से जुड़े हुए पाए गए हैं। वाट्सएप पर आए दस मोबाइल नंबरों में आठ बिजनौर जिले के हैं। मुंबई से मिली जानकारी के बाद यूपी एटीएस ने मोहल्ला काजीपाड़ा के एक युवक से पूछताछ की थी।

धमकी के बाद मुंबई ट्रैफिक पुलिस की ओर से दावा किया था कि आरोपित 26/11 के जैसे आतंकवादी हमले की साजिश रच रहे हैं। मुंबई क्राइम ब्रांच ने मामले की जांच शुरू की। इस जांच में आठ मोबाइल नंबर बिजनौर और एक मुजफ्फरनगर का निकला। तीन नंबर पहले ही बंद हो चुके हैं। प्रकरण के तार बिजनौर जिले से जुड़ने के बाद जांच एजेंसियों सतर्क हुईं।

सोमवार को पांच सदस्यों की एटीएस टीम बिजनौर पहुंची थी। बताया जाता है कि उन्होंने नगर के काजीपाड़ा के रहने वाले युवक से लगभग तीन घंटे तक शहर कोतवाली में पूछताछ की थी। टीम ने उससे मोबाइल नंबर के बारे में जानकारी ली। तीन घंटे पूछताछ के बाद एटीएस ने युवक को छोड़ दिया और चली गई। एसपी दिनेश सिंह का कहना है कि उन्हें टीम के आने की जानकारी है, लेकिन उन्होंने कोई जानकारी साझा नहीं की है। गौरलतब है कि एटीएस पूर्व में भी जिले में आ चुकी है। स्पीलिंग माड्यूल के लिए भी जिला बदनाम रहा है।

## राजस्थान में विशाखापट्टनम से 3 करोड़ कीमत का 1205 किलो गांजा लाते 3 तस्कर गिरफ्तार

**जयपुर (आरएनएस)।** राजस्थान पुलिस की सीआईडी सीबी जयपुर की टीम ने चित्तौड़गढ़ जिले के कपासन थाना क्षेत्र में बीती रात स्थानीय पुलिस के सहयोग से विशाखापट्टनम से ट्रक कन्टेनर में तस्करी कर लाया जा रहा 1205 किलो गांजा बरामद करते हुए 3 तस्करों को गिरफ्तार करवाया है। प्लास्टिक की 364 थैलियों में भरकर गांजा ला रहे तस्कर राजस्थान के भीलवाड़ा जिले और हरियाणा में स्थानीय तस्करों को इसे सप्लाई करने वाले थे। पकड़े गए गांजा की कीमत करीब 3 करोड़ रुपए आंकी गई है। डाक पार्सल लिखे कंटेनर से अवैध मादक पदार्थ की तस्करी की जा रही थी।

एडीजी क्राइम डॉ रविप्रकाश मेहरडा ने बताया कि तस्कर राजू पुरी गोस्वामी पुत्र कैलाश पुरी निवासी वार्ड नंबर 3 भगवानपुरा थाना मांडल जिला भीलवाड़ा, जितेंद्र पुरोहित पुत्र मदनलाल (23) निवासी दादा थाना सायला जिला जालौर एवं प्रहलादराय सोनी पुत्र राजमल (54) निवासी सुनारों का मोहल्ला भगवानपुरा थाना मांडल जिला भीलवाड़ा को गिरफ्तार किया गया है। इन तस्करों की हर गतिविधियों पर सीआईडी सीबी की टीम पिछले दो-तीन महीनों से नजर रख रही थी। इसी दौरान बुधवार को विशाखापट्टनम से भीलवाड़ा भारी मात्रा में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के इनपुट मिले।

आसूचना से प्राप्त इनपुट पर सीआईडी क्राइम ब्रांच स्पेशल टीम प्रभारी डीएसपी पुष्पेंद्र सिंह राठौड़ के सुपरविजन एवं पुलिस निरीक्षक राम सिंह नाथावत के नेतृत्व में हेड कांस्टेबल शंकर दयाल शर्मा एवं कॉन्स्टेबल रविंद्र सिंह, सोहन देव व करणी सिंह की एक टीम गठित कर बुधवार शाम चित्तौड़गढ़ की ओर रवाना की गई। टीम को सूचना मिली कि गुरुवार को तस्कर बन्द बॉडी कन्टेनर में गांजा तस्करी कर सांवरियाजी से भादसोड़ा होकर कपासन की ओर आ रहे हैं।

**कपासन थाना क्षेत्र में नाकाबंदी में पकडा ट्रक कंटेनर**

एडीजी क्राइम ने बताया कि सीआईडी सीबी की टीम ने इस सूचना पर बीती रात को थानाधिकारी कपासन फूलचंद के सहयोग से थाना क्षेत्र के रोलिया कॉलपुरा रोड पर स्वामी विवेकानंद राजकीय स्कूल के पास नाकाबंदी की। नाकाबंदी के दौरान संदिग्ध कंटेनर को रुकवाया गया। चालक सीट पर बैठे राजू पुरी और बगल में बैठे जितेंद्र पुरोहित और प्रहलादराय सोनी से पूछताछ की तो वे घबरा गये। सख्ती से पूछताछ की गई तो उन्होंने कंटेनर में प्लास्टिक की वेस्ट बोतलों की आड़ में विशाखापट्टनम से गांजा तस्करी कर लाना बताया।

**364 प्लास्टिक की थैलियों से जब्त किया 1205 किलो गांजा**

रात होने एवं अंधेरा होने से तीनों अभियुक्तों को डिटेन कर कंटेनर को थाना परिसर लाया गया जहां तलाशी ली गई आरोपियों के पास तीन कीपैड मोबाइल, 2 एंड्राइड मोबाइल कुल 900 रुपये एवं कंटेनर में प्लास्टिक की वेस्ट बोतलों के बीच और आगे की तरफ छुपा कर 364 प्लास्टिक की थैलियों में भरा 1205 किलो 600 ग्राम गांजा मय बारदाना मिला।

**भीलवाड़ा और हरियाणा में सप्लाई होना था गांजा-** अवैध मादक पदार्थ गांजा से भरे ट्रक कंटेनर को जप्त कर तीनों तस्करों को एनडीपीएस एक्ट के तहत कपासन पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया। अग्रिम अनुसंधान के लिए प्रकरण गंगधार पुलिस को सौंपा गया है। प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया कि ट्रक कंटेनर में तस्कर राजू पुरी और प्रह्लाद राय सोनी का माल था। इसकी सप्लाई भीलवाड़ा और हरियाणा में की जानी थी। इन दोनों तस्करों के विरुद्ध पूर्व में भी गांजा तस्करी के प्रकरण दर्ज हुए है।

**2 महीनों से सीआईडी सीबी के रडार पर था ट्रक चालक-** इस पूरी कार्रवाई में पुलिस निरीक्षक राम सिंह नाथावत एवं हेड कांस्टेबल शंकर दयाल शर्मा की अहम भूमिका रही है। ट्रक चालक राजू पुरी जब कभी कंटेनर में माल लेकर विशाखापट्टनम जाता, लौटते समय वहां से गांजा की तस्करी किया करता था। इस जानकारी पर दोनों पुलिसकर्मी उस पर नजर पिछले 2 महीनों से नजर बनाए हुए थे।